मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-122
24/03/2020

मार्च महीने में असामयिक वर्षा/ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति के भुगतान के लिए 518.42 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत

- मुख्यमंत्री ने प्रभावित किसानों के खाते में सीधे राशि अंतरित करने के दिये निर्देश

पटना, 24 मार्च 2020 :– आज मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मार्च माह में असामयिक वर्षा/ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति के संबंध में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, कृषि मंत्री श्री प्रेम कुमार, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री लक्ष्मेश्वर राय, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन श्री प्रत्यय अमृत, प्रधान सचिव वित्त श्री एस0 सिद्धार्थ, सचिव कृषि श्री एन0 सरवन कुमार सहित वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में वर्ष 2020 के मार्च माह में अब तक हुई असामयिक वर्षा/ओलावृष्टि से फसल क्षति के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि इसका विस्तृत सर्वेक्षण करा लिया गया है। कृषि विभाग के प्रतिवेदन के अनुसार मार्च माह में हुई असामयिक वर्षा/ओलावृष्टि से 3,84,016.71 हेक्टेयर क्षेत्र में 33 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति हुई है। आपदा राहत मापदण्ड के अनुरूप 33 प्रतिशत से अधिक क्षति होने पर 13,500/– (तेरह हजार पॉच सौ रूपये) प्रति हेक्टेयर की दर से कृषि इनपुट अनुदान देय है।

मुख्यमंत्री ने बैठक में ही प्रभावित किसानों को फसल क्षति के भुगतान के लिये 518.42 करोड़ रूपये की स्वीकृति दे दी। साथ ही मुख्यमंत्री ने कृषि सचिव को निर्देश दिया कि स्वीकृत राशि अविलम्ब प्रभावित किसानों के खाते में अंतरित की जाय।

******